प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2023/63 दिनांकः 18 मई, 2023

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2022-23 के सम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरे जाने तथा परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की तिथि विस्तारित किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2021 / 54 दिनांक 15 मई, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2022-23 के सम सेमेस्टर (तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष) के रेगुलर तथा कैरी ओवर की परीक्षाओं के परीक्षा फार्म ई0आर0पी0 के माध्यम से भरे जाने की निर्धारित अन्तिम तिथि को कतिपय संस्थानो / छात्रों द्वारा किये गये अनुरोध को स्वीकार करते हुए परीक्षा फार्म भरे जाने तथा निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की अन्तिम तिथि 18 मई, 2023 से बढ़ाकर **दिनांक 23 मई, 2023 तक विस्तारित** कर दी गयी है।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने संस्थान में अध्ययनरत स्नातक एवं परास्नातक छात्र / छात्राओं को उपरोक्त के सम्बन्ध में सूचित करते हुए समयानुसार परीक्षा फार्म भरवाने तथा परीक्षा शुल्क जमा कराने का कष्ट करें।

भवदीय

18/5/2023
(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक / परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. अपर / संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक